






## एक नजर में

### किट्टू ग्रुप के सीईओ रवींद्र भालसे बने अखिल भारतीय बलाई महासभा के जिला अध्यक्ष



**कसरावद, निप्र।** कसरावद निवासी एवं किट्टू ग्रुप के सीईओ रविन्द्र भालसे को अखिल भारतीय बलाई महासभा (रजि.) जिला उज्जैन द्वारा खरगोन जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष मदनलाल राठौर, प्रदेश महासचिव इंजी. अशोक कुमार मालवीय, प्रदेश प्रभारी श्री दिनदयाल सावनेर व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ विजय लक्ष्मी सावले की अनुशंसा पर की गई। रविन्द्र भालसे की नियुक्ति पर समाजजनों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। समाज के वरिष्ठजनों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा समाजहित के कार्यों को नई दिशा प्राप्त होगी। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रविन्द्र भालसे ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज को संगठित कर शिक्षा, युवा जागरूकता एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।


### दुकान के बाहर बैठकर गटक जा रही शराब, जिम्मेदार मौन



**बड़वाह, निप्र।** शहर की शराब दुकानों के बाहर खुलेआम बैठकर शराब पीने का सिलसिला लगातार जारी है। नियमों के अनुसार दुकान परिसर और सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन प्रतिबंधित है, इसके बावजूद कई जगहों पर ग्राहक दुकान के बाहर ही पैग लगाते नजर आते हैं। इससे आसपास गंदगी फैल रही है, राहगीरों खासकर महिलाओं और बच्चों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शराबियों की वजह से विवाद और हुड़दंग जैसी स्थिति भी बन जाती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग कार्रवाई करने के बजाय चुप्पी साधे हुए है। नियमों का पालन करवाने और सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी रोकने के लिए प्रशासन को सख्ती दिखाने की जरूरत है।

### बारिश के पहले प्रशासन को कसनी होगी कमर

**बड़वाह, निप्र।** शहर में कई सरकारी नाले लंबे समय से बंद पड़े हैं, जिससे जल निकासी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। बारिश का मौसम नजदीक आते ही जलभराव, गंदगी और मच्छरों की समस्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। यदि समय रहते प्रशासन ने बंद नालों को नहीं खुलवाया और उनकी साफ-सफाई नहीं करवाई, तो बरसात के दौरान आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश में सड़कों और कॉलोनियों में पानी भर जाता है, जिससे आवागमन प्रभावित होता है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नालों की सफाई और मरम्मत कार्य शुरू कराया जाए, ताकि बारिश के दौरान शहरवासियों को राहत मिल सके।



**इधर सड़क किनारे बह रहा गंदा पानी, राहगीर हो रहे चोटिल:-** इंदौर इच्छापुर मार्ग पुरानी राज टाकीज के समीप क्षेत्र में सड़क किनारे गंदा पानी लगातार बह रहा है, जिससे आम नागरिकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी के कारण सड़क फिसलन भरी हो गई हैं और आए दिन लोग फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। जल निकासी व्यवस्था खराब होने से गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है। बदबू और गंदगी के कारण आसपास के रहवासी का जीना मुश्किल हो गया है। वहीं दोपहिया वाहन चालकों को भी दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

**पिछले साल जैसे हालात फिर न बन जाएं, बारिश में तालाब बनी थी सड़क :-** जल निकासी व्यवस्था की अनदेखी एक बार फिर चिंता का कारण बनती जा रही है। पिछले वर्ष बारिश के दौरान कई सड़कों पर इतना पानी भर गया था कि सड़कें तालाब जैसी नजर आने लगी थीं। जलभराव की स्थिति बनी रहने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते बंद नालों को नहीं खोला गया और सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई, तो इस बार भी वही हालात दोहराए जा सकते हैं। सड़क किनारे बहता गंदा पानी और जाम नालियां बारिश में बड़ी समस्या बन सकती हैं। रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात शुरू होने से पहले शहर के सभी नालों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था की जांच और जरूरी मरम्मत कार्य तत्काल कराए जाएं, ताकि पिछले साल जैसी स्थिति दोबारा पैदा न हो।

### जल गंगा संवर्धन अभियान, माताजी घाट पर श्रमदान व स्वच्छता अभियान



**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में विकासखण्ड भगवानपुरा के सेक्टर पिपलझोपा अंतर्गत माताजी घाट पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों द्वारा जल पूजन एवं वृक्ष पूजन कर घाट की स्वच्छता की गई तथा जल स्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में विकासखण्ड समन्वयक श्री महेश कुमार खराडे ने जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए माताजी घाट पर श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई। श्रमदान के दौरान घाट क्षेत्र में जमा प्लास्टिक, पुराने कपडे एवं पूजन सामग्री को हटाकर स्वच्छता सुनिश्चित की गई। शाम के समय जैविक आटे से बने दीपों का दीपदान किया गया तथा प्लास्टिक या थर्माकोल के द्रोण का उपयोग न करने का संदेश दिया गया। पूजन के दौरान सभी उपस्थितजनों को माताजी घाट को स्वच्छ रखने एवं जल स्रोतों में कचरा न फेंकने का सामूहिक संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि घाटों की सफाई और संरक्षण ही वास्तविक सेवा है।

### हिस्ट्रीशीटर-गुंडा बदमाशों को थाने में किया तलब, दी हिदायत

**खरगोन, निप्र।** थानाक्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधियों पर नियंत्रण रखने के लिए पुलिस गुंडे-बदमाशों और अपराधिक तत्वों पर सतत निगरानी रख रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अभियान के तहत गुंडा बदमाशो को चेक किया जा रहा है। इन्हीं निर्देशों के पालन में थाना जैतापुर पर रविवार को क्षेत्र में रहने वाले आदतन अपराधी (हिस्ट्रीशीटर- गुंडा) को थाने पर तलब किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बदमाशों को हिदायत दी कि क्षेत्र में किसी प्रकार का न्यूसेंस या गुंडागर्दी नही करें। शांतिपूर्ण तरीके से रहें, उपद्रव न करें। क्षेत्र का माहौल खराब न करने की समझाईश दी। शांति भंग करने या उपद्रव मचाने पर कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही करने की चेतावनी व हिदायत देकर चेकिंग परेड कराई।

# चोरल नदी में पानी नहीं छोड़ने से जलसंकट की दस्तक

## विधायक ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र, पीड़ित ग्रामवासियों के समक्ष अस्तित्व का संकट मंडराया

नवभारत न्यूज

**सनावद, निप्र।** भीषण गर्मी और निरंतर बढ़ते तापमान के कारण बड़वाह क्षेत्र के ग्राम अरोदा, कुंडिया, बेकलिया, थरवर, बरझर, रामकुल्ला, झिगड़ी एवं रूपाबेड़ी की आबादी विकट जल संकट से जूझ रही हैं। जल संकट से जूझ रहे ग्रामवासियों ने शासन से चोरल नदी में तत्काल पानी छोड़ने की पुरजोर मांग की है। इस संबंध में विधायक सचिन बिरला ने चोरल नदी में जल छोड़ने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र प्रेषित किया है।





**पेयजल के लिए त्राहि-त्राहि** - पत्र में कहा गया है कि बड़वाह क्षेत्र के अरोदा, कुंडिया, बेकलिया, थरवर, बरझर, रामकुल्ला, झिगड़ी एवं रूपाबेड़ी आदि ग्रामों के निवासी जल संकट के कारण भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। पेयजल पाने के लिए भी ग्रामवासियों को भारी मशक्कत करना पड़ रही है ज्ञातव्य है कि इन ग्रामों का प्रमुख जल स्त्रोत चोरल नदी है। लेकिन अल्प वर्षा के कारण चोरल नदी पूरी तरह सूख चुकी है। चोरल नदी का सूखना क्षेत्र के लिए एक भयावह पर्यावरणीय त्रासदी है। ग्रीष्मकाल में प्रतिवर्ष ग्राम चोरल स्थित गंभीर परियोजना के पीएस-3 से चोरल नदी में पानी छोड़ा जाता है। जिससे निचले प्रवाह क्षेत्र के ग्रामों की आबादी, वन्य जीवों, पशुधन और पक्षियों को ग्रीष्मकाल में पानी मिलता रहे। विधायक ने इस वर्ष चोरल नदी में पानी छोड़ने में हो रहे विलंब पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल का स्तर अत्यधिक नीचे जा चुका है। इस कारण हैंडपंप और कुएं सूख गए हैं। पानी के अभाव में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जल संकट से जूझ रहे ग्रामों का पशुधन एवं चोरल नदी के किनारे स्थित जंगलों के वन्यप्राणी भी पानी की एक-एक बूंद के लिए भटक रहे हैं। यदि चोरल नदी में तत्काल पानी नहीं छोड़ा गया तो क्षेत्र में बड़ी संख्या में मूक पशुओं और वन्यजीवों की अकाल मौत होना निश्चित है। पत्र के अनुसार जल संकट से पीड़ित ग्रामवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामवासियों का बढ़ता आक्रोश बड़ी अप्रिय स्थिति का कारण बन सकता है। पत्र में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि संबंधित विभाग ओएसपी नहर संभाग धामनोद को ग्राम चोरल स्थित गंभीर परियोजना के पीएस-3 से चोरल नदी में पर्याप्त मात्रा में पानी छोड़ने के निर्देश दिए जाएं।

**बन सकता है बड़ा संकट**

विधायक ने ओएसपी नहर संभाग धामनोद जिला धार के कार्यपालन यंत्री एवं निचली नर्मदा परियोजना इंदौर मुख्य अभियंता को भी पत्र प्रेषित किया है। पत्र में कहा गया है कि बड़वाह के निचले प्रवाह क्षेत्र के ग्राम जल की कमी के कारण अस्तित्व के संकट से जूझ रहे हैं। इसलिए गंभीर परियोजना की पीएस-3 से तत्काल पर्याप्त मात्रा में पानी छोड़ा जाए। पानी छोड़ने में थोड़ा सा भी विलंब अपूरणीय क्षति का कारण बन सकता है।

# महाराणा प्रताप के शौर्य से गूंजा माहौल






**खरगोन, निप्र।** अदम्य साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के अमर प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर शनिवार देर रात बावड़ी बस स्टेंड (महाराणा प्रताप चौराहा) पर कवि सम्मेलन किया गया।

प्रख्यात वीर रस के कवि राकेश दांगी, मुकेश शांडिल्य हरदा, डॉ. प्रतिभा पटेल जबलपुर, गौरम रावल सनातनी ओज कसरावद के साथ ही वीर रस के कवि राकेश यादव ने अपनी ओजस्वी कविताओं के माध्यम से मेवाड़ के वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की शौर्य गाथा को जीवंत कर दिया। सम्मेलन का संचालन कृष्णपाल सिंह इगरिया ने किया। करणी सेना परिवार द्वारा आयोजित इस कवि सम्मेलन में सुप्रसिद्ध कवि कृष्णपाल ने अपनी चिरपरिचित ओजस्वी शैली में कविता पाठ किया। कवियों को देररात तक सुनने के लिए श्रोता डटे रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करणी सेना के प्रदेश मंत्री कुंदन सिंह, कुलदीप सिंह, राजेंद्र सिंह राठौर, विक्रम सिंह परमार, जीएस चौहान और हेमेंद्र सिंह सोलंकी, देवेंद्र सिंह, बंटी दादा, वीरेंद्र सिंह, नवनीत सिंह, अमित कौशल उपस्थित रहे। विशेष अतिथि धीरेंद्र सिंह चौहान, डॉ. अरविंद पाटीदार और आनंद शर्मा रहे। करणी सेना महिला इकाई की ज्योत्सना सोलंकी, आरती मंडलोई और साधना चौहान ने कवियों का उत्साहवर्धन किया।

संचालन हेमेंद्र सिंह तंवर ने किया। आयोजन में राजेंद्र सिंह, शिवम राजपूत, नवदीप सिंह राठौड़, गोलू सिंह चौहान, विजय सिंह सावनेर, विशाल सिंह, अजय सिंह बिलखेड़, राज बन्ना, लाला बन्ना, हर्षवर्धन सिंह, अजय बन्ना, प्रीत सिंह, रोहन सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# पैरामाउंट के छह होनहार छात्रों का चयन प्रतिष्ठित आइसर भोपाल समर आउटरीच कैंप 2026 में




**कसरावद, निप्र।** श्री निमाड़ पाटीदार एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित पैरामाउंट अकादमी, कसरावद के छह होनहार विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित आइसर भोपाल समर आउटरीच कैंप 2026 के लिए हुआ है।

एक्सपोजर विकित प्रभारी दीक्षा पाटीदार बताया कि यह कैंप एक अखिल भारतीय स्तर का आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के नेतृत्व विकास, सांस्कृतिक समावेशन, वैज्ञानिक नवाचार, और सामूहिक कार्यशैली को प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष यह राष्ट्रीय कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय और आइसर भोपाल संस्थानों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। छात्रों को शिविर के दौरान विभिन्न प्रकार की कार्यशालाओं, संवाद सत्रों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, और आउटडोर गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके व्यक्तित्व का बहुआयामी विकास सुनिश्चित होगा। इस टीम में कनिष्क पाटीदार, आराध्य पाटीदार, गौरव कर्मा सौम्य शर्मा, नक्षिता पाटीदार, नर्मदा यादव और विहानी पाटीदार शामिल है। यह आयोजन 4 मई से 9 मई तक भारतीय विज्ञान एवं शिक्षा अनुसंधान केंद्र भोपाल अर्थात आइसर में आयोजित हो रहा है।

स्कूल प्राचार्य डॉ. अखिलेश पाटीदार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा, 'यह अवसर इनके लिए सीखने, आत्ममंथन करने और राष्ट्रीय स्तर पर अपने विचार प्रस्तुत करने का मंच प्रदान करेगा। हमें विश्वास है कि हमारे छात्र इस शिविर से अर्जित अनुभवों को विद्यालय व समाज के हित में उपयोग करेंगे। संस्था के मेनेजिंग डायरेक्टर मितेश पाटीदार ने कहा कि विद्यालय द्वारा ऐसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को सहभागी बनाने का सतत प्रयास सराहनीय है, जो न केवल विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है, बल्कि निमाड़ अंचल की प्रतिभा को भी राष्ट्रीय फलक पर लाता है।

# लोक अदालत में समझौते से निपटे केस



**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय परिसर, मंडलेश्वर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अखिलेश जोशी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

अपने उद्बोधन में जोशी ने कहा कि लोक अदालत एक उत्तम कोटि की कल्याणकारी योजना है, जिसमें दोनों पक्षों को न्याय मिलता है। इससे आपसी द्वेष समाप्त होकर मधुर संबंध स्थापित होते हैं और पक्षकार संतोषपूर्वक अपने घर लौटते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक प्रकरणों के समाधानपूर्वक निराकरण के लिए सभी के सकारात्मक सहयोग का आह्वान किया, ताकि आमजन को शीघ्र, सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय पंकज सिंह माहेश्वरी, जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री प्रीति जैन, न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी, अध्यक्ष व सचिव जिला अभिभाषक संघ, लीगल एड डिफेंस अधिवक्ता, विभिन्न विभागों के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि, न्यायालयीन कर्मचारी, पैरालीगल वालेंटियर्स एवं पक्षकार उपस्थित रहे।

**लोक अदालत से टूटा रिश्ता जुडा, दाम्पत्य जीवन की पुनर्स्थापना:-** नेशनल लोक अदालत के दौरान टूटते वैवाहिक दाम्पत्य को पुनर्स्थापित करने का एक सशक्त उदाहरण सामने आया। विगत एक वर्ष से अलग रह रहे पतिदृपत्नी ने सुलह कर पुन: साथ रहने का निर्णय लिया। मामला कुटुंब न्यायालय, मंडलेश्वर का था, जिसमें पति द्वारा दाम्पत्य जीवन की पुनर्स्थापना के लिए वाद दायर किया गया था। उभयपक्ष का विवाह वर्ष 2020 में हिंदू रीति-रिवाज से सम्पन्न हुआ था तथा उनके दो छोटे पुत्र हैं। वर्ष 2025 में उत्पन्न विवाद के कारण पत्नी बच्चों सहित मायके में रहने लगी थीं। नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी के मार्गदर्शन, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री पंकज सिंह माहेश्वरी एवं अधिवक्ता के.सी. तोनगर की समझाइश से दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से विवाद का समाधान किया।

खंडपीठ के समक्ष एक-दूसरे को माला पहनाकर दंपति ने पुन: साथ रहने की सहमति व्यक्त की। इस अवसर पर न्यायाधीशों द्वारा दंपति को शुभकामनाएँ दी गईं और प्रतीकात्मक रूप से दो फलदार पौधे भेंट किए गए। साथ ही संदेश दिया गया कि जैसे इन पौधों की देखभाल कर उन्हें बडा करना है, वैसे ही आपसी प्रेम, विश्वास और समझ से अपने दाम्पत्य जीवन को भी संवारना है। नेशनल लोक अदालत ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि संवाद, सुलह और संवेदना से न्याय केवल फैसला नहीं, बल्कि जीवन में खुशहाली भी ला सकता है।

# चोरों ने थोक किराना दुकान और दूध डेयरी के चटकाए ताले, उड़ाई चिल्लर



**खरगोन, निप्र।** कोतवाली क्षेत्र में पिछले तीन माह से वीकेंड पर चोरियों का सिलसिला जारी है। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात चोरों ने चित्तौडग़ढ़-भुसावल हाईवे स्थित अति व्यस्ततम मार्ग पर संचालित हो रही थोक किराणा दुकान के साथ ही नूतन नगर स्थित एक दूध डेयरी को निशाना बनाया। हालांकि चोरों के हाथ बड़ी रकम नही लगी।

बिस्टान रोड़ अनाज मंडी के सामने संचालित हो रही मधुरेश किराणा और नूतन नगर स्थित सैनी दूध डेयरी में वारदात को अंजाम दिया। मधुरेश थोक किराणा दुकान संचालक नवनीत लाल भंडारी ने बताया उनकी दुकान से चोर 10 हजार रुपए की चिल्लर चोरी कर ले गए। चोरों की करतूत सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। दो चोर दुकान में लगे शटर का ताला तोड़कर घुसे। दुकान में बेखौफ होकर सर्चिंग की। गल्ले में रखी चिल्लर उनके हाथ लगी। इसी तरह सैनी दूध डेयरी के दीपक सैनी ने बताया चोर दुकान से करीब 4 हजार रुपए की चिल्लर, सिगरेट पैकेट, पाउस ले गए। दुकान में रखे फ्रीज से आईस्क्रीम भी खाई। सैनी के मुताबिक गत वर्ष 10 मई की रात ही उनके यहां चोरी का प्रयास हुआ था। रहवासियों ने चोरों को देख लिया था और पुलिस के सुपुर्द किया था।

**एक नजर में** स्वागत में शॉल, फूल माला, गमछा देना बंद करें, यह राशि समाज में दे : मोदी

# पीएम मोदी के भाई ने क्षत्रिय राठौड़ समाज की नवीन कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र ।** क्षत्रिय राठौड़ समाज नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह सनावद रोड़ स्थित मैरेज हॉल में आयोजित किया गया। रविवार को आयोजित इस समारोह में जिलेभर के समाजजनों की उपस्थिति में 120पदाधिकारी और सदस्यों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। शपथ समारोह की विशेषता यह रही की इसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए पीएम नरेंद्र मोदी के भाई प्रहलाद मोदी ने पदाधिकारियों के साथ ही समाजजनों को सामाजिक बदलाव का संदेश देते हुए शपथ दिलाई।



उन्होंने कहा कार्यक्रम में हम अतिथि को शॉल, पुष्पमाला, पुष्पगुच्छ या दुपट्टा देते है, जो किसी काम नही आते। आगे से यह अनावश्यक खर्च बंद कर, स्वागत में खर्च होने वाली यह राशि समाज में दे, जिससे शिक्षा को बढ़ावा देने में खर्च की जाए। श्री मोदी की इस अपील का समाजजनों ने स्वागत किया और एक मत होकर आगामी कार्यक्रमों में स्वागत में फूलमाला, पुष्पगुच्छ या दुपट्टा या शॉल नही देने का संकल्प लिया। इस पहल का उद्देश्य दिखावे को कम करके वास्तविक मदद को बढ़ावा देना है। मोदी ने कहा कि वह खुद को गौरवांवित महसूस कर रहे है कि वह आज तेली समाज के शपथ विधि समारोह में बतौर अतिथि शामिल हुए है। उन्होंने नवीन पदाधिकारियों को सीख देते हुए कहा कि यह पद किसी आर्थिक लाभ के लिए नही है, बल्कि समाज में समय के साथ आवश्यकता पडने पर पास से खर्च करना पड़ेगा। विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा समाज के लिए काम करने वाला व्यक्ति देवता के समान होता है। उन्होंने बताया कि सभी समाजजनों को समाज के प्रति सर्मपित होना चाहिए, क्योंकि समाज की शक्ति और एक रुपता से ही बेहतर समाज का निर्माण होता है।

**समाज की प्रतिभाओं का करेंगे सम्मान:-** समाज के जिलाध्यक्ष मिश्रीलाल राठौड़ ने आगामी 13 अगस्त को दुर्गादास जयंती पर प्रतिभावान सम्मान कार्यक्रम के साथ ही जिला मुख्यालाय पर भविष्य बड़ा मांगलिक परिसर निर्माण करने की योजना की घोषणा की। इस दौरान गोविन्द प्रसाद राठौड़, राधेश्याम अस्तोलिया, सिल्लन साहू, अमित राठौड़, आरएन राठौर, विजय राठौड़, अमृतलाल राठौड़ और वंदना राठौड़ मंचासीन रहे। संचालन डॉ. लवेश राठौड़ ने किया। कार्यक्रम की बागडौर युवा कार्यकारिणी के अध्यक्ष अक्षय राठौड़ और उनकी टीम ने की। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यकम से पूर्व प्रहलाद मोदी ने सिद्धी विनायक गणेश मंदिर में पूजन किया।